PAAYAS
पायस मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी

# पायस मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड

(CIN : U01211RJ2012PTC038955)

रजि. कार्यालयः डी–232–233, चौथी मंजिल, अटलान्टिस टॉवर, वैशाली नगर, जयपुर–302 021

दूरभाष नं. +91-141-4202108 / 09, Email : secretarial@paayasmilk.com, www.paayasmilk.com

पायस/क्र.स./.1703

## नामांकन आमंत्रित करने हेतु सूचना पत्र

कम्पनी की आगामी 14वीं वार्षिक आम सभा पर पायस मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड (*''कम्पनी''*) के बोर्ड में निदेशक के रिक्त पद को भरने के लिए 'नामांकन समिति' द्वारा विचार हेतु कम्पनी के योग्य सदस्यों से नामांकन आमंत्रित करने के लिए सूचना पत्र दिया जाता हैः

| सदस्य की श्रेणी | रिक्त पदों की संख्या |
|---|---|
| A | एक स्थान |
| B | एक स्थान |
| C | एक स्थान |

जो योग्य सदस्य आवेदन करने में रूचि रखते हैं उन्हे नामांकन फार्म के सभी संदर्भों को विधिवत भर कर आवश्यक संलग्नकों को स्वहस्ताक्षरित कर कम्पनी सचिव के पास शुक्रवार, 20 जून, 2025 को या उससे पहले व्यक्तिगत रूप से/रजिस्टर्ड डाक/कुरियर/ईमेल के माध्यम से उपरोक्त कम्पनी के कार्यालय में जमा करवाना होगा।

नामांकन फार्म को व्यक्तिगत रूप से कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है या कम्पनी द्वारा दिये गये लिंक https://www.paayasmilk.com/nomination-form-2025 से डाउनलोड किया जा सकता है।

अधिक जानकारी के लिए, कृपया अद्योहस्ताक्षरकर्ता से उपरोक्त दूरभाष नं. पर संपर्क करें।

कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार, बोर्ड का निर्णय कम्पनी के सदस्यों को 14वीं वार्षिक आम सभा के सूचना पत्र एवं संबंधित दस्तावेजो के द्वारा सूचित कर दिया जायेगा।

पायस मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड के
निदेशक मंडल के आदेशानुसार

Paayas Milk Producer Company Ltd. PMPCL JAIPUR

कम्पनी सचिव

दिनांकः 28 मई, 2025
स्थानः जयपुर

**नामांकन भरने हेतु मुख्य नियम एवं शर्ते :–**

1) पायस कम्पनी का सदस्य ही आवेदक हो सकता है। आवेदक ने पिछले दो वित्तीय वर्ष में सदस्यता की कोई भी श्रेणी बरकरार रखी हों। रिक्त पद को भरने के लिए पिछले वित्तीय वर्ष की श्रेणी को आधार माना जायेगा।
2) आवेदक कम्पनी के बहिर्नियम एवं अतंर्नियम के अनुच्छेद 9.6 (iii) एवं 9.16 के प्रावधानों को पूरा करता हो।
3) आवेदक की योग्यता को, न्यूनतम 10 एमपीपी के 25 समान श्रेणी वर्ग के सदस्यों (जो 14वीं वार्षिक आम सभा में वोट डालने के योग्य हों) के द्वारा प्रस्तावित होनी चाहिये।
4) आवेदक के पास पेन कार्ड होना अनिवार्य है।
5) आवेदक को कम्पनी के बोर्ड द्वारा निर्धारित फार्म के साथ स्व–घोषणा देनी होगी। साथ ही सभी आवश्यक स्व–प्रमाणित दस्तावेज (जैसे आयु, शैक्षणिक योग्यता, पता/पहचान पत्र, पेन कार्ड, अंश प्रमाण पत्र की प्रति आदि) कम्पनी कार्यालय में जमा कराने होंगे।
6) कम्पनी द्वारा आवेदक को सूचना देने पर उसे नामांकन समिति के समक्ष साक्षात्कार के लिए कम्पनी कार्यालय में या वीडियों कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से या किसी अन्य ऑडियो विजुअल के माध्यम से उपस्थित होना होगा।
7) आवेदक द्वारा नामांकन दिनांक 23 जून, 2025 से पूर्व वापिस लिया जा सकता है।